“साक्षात्कार”

जुलाई माह में बिहार दलित विकास समिति द्वारा “संविधान परचर्चा” नाम के कार्यशाला में, हवेली खड़गपुर के दस युवाओं के साथ चन्दन कुमार ने भाग लिया था । इस कार्यशाला के दौरान उसमें देखा गया उत्साह सबका घ्यान आकर्षित किया था। उन्होंने कहा था, आनेवाले पंचायत चुनाव में वे मुखिया पद के लिए हवेली खड़गपुर पंचायत के उम्मीदवार रहेंगे।

बाद में बिहार दलित विकास समिति के क्षेत्रोय कार्यालय, हवेली खड़गपुर के प्रभारी श्री संजीत कुमार उनसे मिलकर साक्षात्कार लिया। इस साक्षात्कार से कुछ अंश :-

संजीतकुमार: “संविधान परचर्चा” कार्यशाला में आपकी सहभागिता ने सबको आकर्षित किया था।

चन्दनकुमार: जी, धन्यवाद! मुझे यह कार्यशाला बहुत अच्छा लगा था।

संजीतकुमार: आप बता सकते हैं क्यों यह कार्यशाला आपको बहुत अच्छा लगा?

चन्दनकुमार: जी हॉ । मुझे इस कार्यशाला विशेष रूप से इसलिए अच्छा लगा क्योंकि अपने देश के संविधान को जानने का मेरा पहला अवसर था। मुझै ठस्थ्ल्ए भी अच्छा लगा। क्योंकि की कितने सुन्दर परिकल्पना संविधान में हुई है। मेरी इच्छा है कि इस संविधान को सभी भारतवासी जानें, समझें और सार्थक बनायें। यह संविधान लगभग 125 करोड़ भारतीयों का अधिकार-प(है।

संजीतकुमार: आप अपने बारे में कुछ जानकारी दे सकते हैं।

चन्दनकुमार: जी हॉ! मैं एक बहुत साधारण परिवार में जन्मा हूॅ। पैसे की कमी के कारण मैं चाहकर भी अच्छी पढ़ाई नहीं कर सका । मैं वर्तमान में B.Sc. में नामांकित तो हूॅ लेकिन अधिक समय मुझे खेती करने में लगता है। मैं कुछ बच्चों को पढ़ाता भी हूॅ जिससे मुझे कुछ आर्थिक सहायता मिल जातीहै।

संजीतकुमार: उस प्रशिक्षण के अंत में आपने कहा था कि आप आनेवाले पंचायत चुनाव में मुखिया के लिए उम्मीदवार होंगे। आप पंचायत के मुखिया क्यों बनना चाहते हैं ?

चन्दनकुमार: हमारे समाज में लोग अधिकाशत: गरीब एवं बेरोजगार वर्ग के हैं। हमारी भी पढ़ाई पीछे होने का कारण मुख्य रूप से गरीबी ही है। मैं नहीं चाहता हूॅ कि आनेवाले समय में हमारे पंचायत के बच्चे एवं युवा गरीबी और बेरोजगारी के कारण शिक्षा से वंचित हों। मैं एक जिम्मेवार मुखिया बनकर अपने पंचायत के लोगों के विकास में अपनापूरा योगदान दूॅ और अपने पंचायत का विकास करूॅ यही मेरी चाहत है।

संजीतकुमार: आप एक आदर्श मुखिया के बारे में क्या सोचते हैं ?

चन्दनकुमार मेरा मानना है कि आदर्श मुखिया वही है, जोसमाज के विकास के लिए सोचता हो एवं अपने समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत् हो। समाज में किसी भी तरह का भेद-भाव नहीं रखता हो। सभी वर्ग के लिए अपनी साोच एक रखता हो।

संजीतकुमार आप एक आदर्श मुखिया के रूप में किस प्रकार काम करना चाहते हैं ?

चन्दनकुमार मैं अपने आपको आदर्श मुखिया के रूप में बहुत प्रकार से काम करना चाहता हॅू। सभी की गरिमा का मान-सम्मान करते हुए, बिना भेद-भाव के एक समान कार्य करना चाहता हॅू। सभी जरूरतमंद लोगों की मदद करना चाहता हॅू। एक आदर्श मुखिया के रूप में, मैं अपने पंचायत को एक आदर्शग्राम बनाने की भी सोच रखता हॅू।

संजीतकुमार आप मुखिया बनने के लिए किन लोगों से मदद लेना चाहते हैं ?

चन्दनकुमार मैं सबसे पहले अपने गॉव के युवा-पीढ़ी से मदद लेना चाहता हॅू। क्योंकि मेरे ये वुवा पीढ़ी के लोग मेरी भावनाओं को समझते हैं। हमारे गॉव के कुछ बुद्धिजीवी भी मुझे मदद करते हैं, जो मेरा मार्गदर्शन भी करते हैं और BDVS का सहयोग तो मेरे साथ है ही।

संजीतकुमार: मुखिया बनने के बाद अपने पंचायत के लिए आपकी क्या-क्या प्राथमिकताएॅ होंगी?

चन्दनकुमार: सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं को अपने पंचायत में लाना एवं सभी लोगों को निष्पक्ष भाव से इन योजनाओं से जोड़ना, गॉव में चल रहे विद्यालय की हालत में सुधार लाते हुए गुणवत् शिक्षा के लिए संघर्ष करना, बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं कौशल विकास जैसे योजनाओं से जोड़ना, बच्चों के स्वअघ्ययन के लिए शांति पूर्ण भवन का निर्माण करना, युवाओं के लिए अपने पंचायत में टोलास्तर की लाईब्रेरी का निर्माण करना, इत्यादि मेरी प्राथमिकताएॅ होंगी।

संजीकुमार: आप उपयुक्त सभी काय को किस प्रकार पूरा करेंगे ?

चन्दनकुमार: अपने आत्मबल एवं लोगों के सहयोग एवं स्नेह से।

संजीतकुमार: आपसे मेरा आखरी सवाल है कि आप भविष्य म BDVS से क्या उम्मीदें रखते हैं?

चन्दनकुमार: मैं आगे BDVS से यही उम्मीद रखता हॅू कि BDVS हम जैसे युवाओं के व्यक्तित्व विकास एवं कौशल विकास के लिए प्रशिक्षणों की व्यवस्था करे एवं हमें समाजको बदलने एवं विकास करने में अपना पूरा सहयोग देते रहे।

धन्यवाद।